प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
सचिवालय परिसर देहरादून।

संख्याः—984/तेरह—आ0प्र0/गौमुख/सर्वे0/2020—21 दिनांक 25 नवम्बर, 2024

**विषयः— मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित जनहित याचिका संख्या—148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या—06//XVIII-B-1/2024—11 (18)/2017 दिनांक 12.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या—34-W/XVIII-B-1/2023—11 (18)/2017 दिनांक 16.05.2023 के द्वारा मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में योजित याचिका संख्या—148/2017 अजय गौतम बनाम राज्य में सुनवाई दिनांक 28.07.2022 के माध्यम से प्रकरण को डिस्पॉज ऑफ किया गया है तथा पारित आदेश के प्रस्तर—05 एवं 06 का शीर्ष प्राथमिका के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त याचिका में पारित आदेशों के अनुपालन में प्रश्नगत क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के सम्बन्ध में समय—समय पर वन विभाग के दल से सर्वेक्षण करवाया जाता है। उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी के संलग्न पत्र संख्या—296/1—13 कोटबंगला दिनांक 25.11.2024 के द्वारा अवगत कराया गया है क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान एक टीम दिनांक 10.09.2024 को भोजबासा—गौमुख भ्रमण पर गयी थी। **भ्रमण के दौरान पाया गया है कि गौमुख क्षेत्र में तापमान में कमी के कारण गौमुख ग्लेशियर नये स्वरूप में देखा गया है। नदी अपने बहाव में बह रही है, नदी का जलस्तर सामान्य है। अन्य किसी प्रकार की गतिविधियॉं क्षेत्र में नही पाई गई है।**

अतः उक्त निरीक्षण की आख्या संलग्न कर सादर सेवा में प्रेषित है।

**संलग्न—यथोपरि।**

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

GANGOTRI NATIONAL PARK

**कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि।**
Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

**पत्रांक :** 674 / 1-13 **कोटबंगला, दिनांक** 25.09 **,2024**

सेवा में,

जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**विषय :— गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के सम्बन्ध में निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के अन्तर्गत दिनांक 10.09.2024 को क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान एक टीम भोजबासा—गौमुख भ्रमण पर गई थी। भ्रमण के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था कि तापमान में कमी के कारण गौमुख ग्लेशियर नये स्वरूप में देखा गया है। नदी अपने बहाव में बह रही है, नदी का जलस्तर सामान्य है। अन्य किसी प्रकार की गतिविधियां क्षेत्र में नहीं पाई गई है।

अतः महोदय की सेवा में रिपोर्ट प्रेषित है।

**संलग्नः— गौमुख ग्लेशियर की फोटोग्राफ्स।**

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री राजि।

**प्रतिलिपि :—** श्रीमान उप निदेशक महोदय, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी को सूचनार्थ प्रेषित।

वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
गंगोत्री राजि।

# Gaumukh Glacieer Dated 10-09-2024





# Gaumukh Glacieer Dated 29-08-2024



